भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1383
दिनांक 09 दिसंबर, 2025 / 18 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

जनगणना में तकनीकी नवाचार

1383. श्री सनातन पांडेयः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से जनगणना-2027 करने के लिए कोई तकनीकी नवाचार प्रस्तावित किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन नवाचारों में मोबाइल ऐप या क्लाउड आधारित समाधान शामिल हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या जनगणना-2027 के दौरान प्रवासी श्रमिकों और अस्थायी निवासियों की गणना के लिए कोई विशेष प्रावधान किए जा रहे हैं;

(घ) क्या इसके लिए एक अलग डेटा संग्रह प्रक्रिया प्रस्तावित है; और

(ङ) यदि हां, तो प्रक्रिया की रुपरेखा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): यह निश्चित किया गया है कि 2027 की जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी। मोबाइल एप के माध्यम से आँकड़े एकत्र करने की योजना बनाई गई है। उत्तरदाता वेब-पोर्टल के माध्यम से भी स्व-गणना कर सकते हैं। जनगणना प्रक्रिया का प्रबंधन और निगरानी एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

(ग) से (ङ): गणना की पूरी अवधि के दौरान जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी उस स्थान पर एकत्र की जाती है जहाँ वे होते हैं। इसके अतिरिक्त जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति के जन्म स्थान और अंतिम निवास स्थान के आधार पर प्रवासन संबंधी आँकड़े एकत्र किए जाते हैं। जनगणना में वर्तमान निवास पर रहने की अवधि और प्रवास के कारण की जानकारी भी एकत्र की जाती है। जनगणना के लिए प्रश्नावली को केंद्र सरकार द्वारा क्षेत्रीय कार्य करने से पहले आधिकारिक राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित किया जाता है।

*****